कार्य योजना के प्रभाव का मूल्यांकन तैयार करने के लिए अखिल भारतीय जन स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य-विज्ञान संस्थान (ए.आई.आई.पी.एच.) कलकत्ता की स्थापना की है। इस अध्ययन की अवधि दिसम्बर, 1988 से आरम्भ होकर तीन वर्ष की है और यह गंगा कार्य योजना की लागतों और लाभों का हिसाब रखने से संबंधित है जोकि वाराणसी और पश्चिम बंगाल में नवद्वीप में समुदाय के इंजीनियरी और स्वास्थ्य लाभों के विशेष सन्दर्भ में है।

रक्षा आयुध फैक्टरियों द्वारा अधिष्ठापित क्षमता का उपयोग

148. **श्री राम नरेश यादव:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत में रक्षा आयुध फैक्टरियां अपनी-अपनी अधिष्ठापित क्षमताओं का पूरा उपयोग कर रही है;

(ख) यदि नहीं, तो इनकी कुल अधिष्ठापित क्षमता के कितने प्रतिशत का उपयोग किया जा रहा है;

(ग) इनकी पूरी अधिष्ठापित क्षमता का उपयोग करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) क्या सरकार इस प्रयोजन के लिए कोई विशेषज्ञ समिति गठित करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. राजा रमन्ना): (क) और (ख) 1989-90 में आयुध निर्माणियों में वर्ष के दौरान उपयोग की गई कुल क्षमता कर्मचारियों के काय करने के मानक घंटों के रूप में 100.09 प्रतिशत थी।

(ग) इस सम्बंध में किए गए उपायों ये शामिल हैं:-

1. रेलवे, केन्द्रीय और राज्य पुलिस एवं सुरक्षा बलों तथा सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों आदि जैसे गैर-रक्षा प्रयोक्ताओं द्वारा अपेक्षित मदों के निर्माण के क्षेत्रों में हाथ बढ़ाना और

2. आयुध निर्माणी के उत्पादों का विदेशों को निर्यात करना।

(घ) जी, नहीं। क्षमता का कम उपयोग तथा ऊपर भाग (ग) में उल्लिखित उपायों से उस क्षमता का उपयोग होने से फालतू क्षमता में कमी आने की संभावना को देखते हुए सरकार इस उद्देश्य के लिए कोई विशेषज्ञ समिति स्थापित करने की आवश्यकता नहीं समझती।

Misuse of National Museum Premises

149. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:
SHRIMATI SATYA BAHIN:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the National Museum was recently used as a venue for holding a lavish party in which drinks were freely served; and

(b) if so, the details thereof and the authority which permitted misuse of this important Institute; and

(c) what action has been taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI CHIMANBHAI MEHTA): (a) and (b) Yes, Sir. The open court-yard of the National Museum was used as the venue by the Messile Lunch, New York to host a reception for the participants of the Asian Development Bank on 3rd May, 1990. Director General, National Museum permitted the holding of the reception after obtaining verbal clearance of the Department in August, 1989.